न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– डॉ. अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 91 / 2026

विरेन्द्र कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी चूंगी नम्बर 7 महता हॉस्पिटल के पास लोहारू (भिवाणी) मो.न. 9050258822 पिनकोड 127201

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 19.03.2026

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 05.03.2026 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 91 / 2026 पर दिनांक 05.03.2026 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक / 2026 / 601–02 दिनांक 05.03.2026 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू ने पत्रांक एफ.16(4)(5)न्याय / सू.अ. / 2026 / 358 दिनांक 10.03.2026 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी आवेदन पत्र इस कार्यालय मे प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के सम्बन्ध में इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5)न्याय / सू.अ. / 2025 / 391 दिनांक 23.12.2026 के द्वारा उपखण्ड अधिकारी झुंझुनू एवं तहसीलदार झुंझुनू को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है। उपखण्ड अधिकारी झुंझुनू ने पत्रांक 08 दिनांक 16.01.2026 के द्वारा तहसीलदार झुंझुनू को आवेदक के प्रार्थना पत्र का नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण कर आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु लिखा जा चुका है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के सम्बन्ध में उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16(4)(5)न्याय / सू.अ. / 2025 / 391 दिनांक 23.12.2026 के द्वारा उपखण्ड अधिकारी झुंझुनू एवं तहसीलदार झुंझुनू को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु पत्र लिखा गया है। उपखण्ड अधिकारी झुंझुनू ने पत्रांक 08 दिनांक 16.01.2026 के द्वारा तहसीलदार झुंझुनू को आवेदक के प्रार्थना पत्र का नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण कर आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु लिखा जा चुका है। लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) झुंझुनू द्वारा निर्धारित समय अपीलार्थी का आवेदन संबंधित को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु भिजवा दिया गया था। अतः अपीलार्थी का सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 19.03.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. अरूण गर्ग)
जिला कलक्टर, झुंझुनू